| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 1660/12 | 3211/21 | 13595/166 |
| | | | | 453/32 | 548/-16 | 243/-29 | 281/-4 | 341/-18 | 1657/166 |
| | 3049/51 | 3583/05 | 2094/01 | 4030/57 | 4528/46 | 2232/42 | 1356/11 | 2862/39 | 11717/190 |
| 07/00 | 83/03 | 50/01 | 24/00 | 64/00 | 66/01 | 29/00 | 23/0 | 32/01 | 220/02 |
| 108292/1780 | 114040/1726 | 118149/ 1188 | 103465/1940 | 1118085/2484 | 159199/1947 | 111791/1579 | 37986/342 | 77977/859 | 211231/4105 |

### जनपद में विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन, उपेक्षा पर लगाम लगाने के उद्देश्य से मनाया जाता है वृद्धजन दिवस

# बुजुर्गों को मिला सम्मान तो खिल उठे चेहरे, वृद्धाश्रमों में बांटी गई सामग्री

**अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस**



राबर्ट्सगंज में बुजुर्ग शिक्षकों को सम्मानित करते बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल (दाहिने) ● जागरण



सेवकामोड़ के पास हरिप्रसाद गुनगुन को फल देते वकील शेख ● जागरण



सदर ब्लाक के सलखन स्थित परख संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल देते संस्था के सदस्य ● जागरण

जागरण संवाददाता, सोनभद्र : जिले में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली सामग्री का वितरण किया गया।

राबर्ट्सगंज नगर स्थित सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय में बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल ने सेवानिवृत्त पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष लल्लन सिंह व ज्ञानचंद द्विवेदी को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। बीएसए ने कहा कि वृद्धों एवं प्रौढ़ों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। इसमे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह आदि थे।

जिले के सलखन में स्थित वृद्धाश्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी कृष्णा नंद तिवारी व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी, सुलह अधिकारी नंदलाल द्वारा वृद्ध आश्रम में उपस्थित सभी बुजुर्गों का सम्मान करके उन्हें वस्त्र वितरण किया गया। वहीं दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली साबुन, तेल, मंजन आदि दिया गया। इसमे संस्था के निदेशक नवीन कुमार शुक्ल, अमरेश पाठक आदि थे। सलखन में ही परख संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में भी बुजुर्गों को कपड़ा, केला व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। संस्था के परियोजना प्रबंधक शशी भूषण, मंजू

पाठक, अविता, रीता आदि ने वृद्धों को सम्मानित किया। संस्था के जिला समन्वय अंगद तिवारी आदि थे।

बीजपुर : वृद्धजन दिवस पर आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय बीजपुर एवं ग्रामीण अंचलों में वृद्धजन दिवस मनाया गया। प्रधान प्रतिनिधि बीजपुर अमित सिंह ने वृद्ध समाजसेवी राम प्रसाद गोंड़, अवर अभियंता सुभाष सिंह वयोवृद्ध शिक्षक बालकिसुन या को सम्मानित किया। सेवकामोड़ बुजुर्ग हरिप्रसाद भाव विभोर हो समाजसेवी वकील शेख द्वा फल भेंट किया गया। राके शर्मा, रामवृक्ष जायसवाल

# बिजली कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी

## नगर पंचायत द

आवंटन का प्र

जागरण संवाददाता,

क्षमता की तीसरी इकाई से विद्युत उत्पादन ठप हो गया। परियोजना सूत्रों के मुताबिक इस इकाई में बॉयलर ट्यूब लीकेज होने के कारण इसे बंद किया गया है। दो अक्टूबर तक इस इकाई से विद्युत उत्पादन शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब हो कि तीसरी इकाई गत 12 अगस्त से तकनीकी खराबी से बंद थी, जिसे 45 दिन बाद 24 सितंबर को उत्पादनरत किया गया। फिर इस इकाई को बीटीएल के कारण बुधवार को बंद करना पड़ा।

## दो को लगेगा शिविर

जासं, घोरावल (सोनभद्र) : प्रभाश्री ग्रामोदय सेवा आश्रम के सचिव डा. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि देवगढ़ गांव को संस्कारित करने वाली प्रभा सिंह की 11वीं पुण्य तिथि के अवसर पर प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री राजा जयप्रताप सिंह के नेतृत्व में दो अक्टूबर को निश्शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा।

**कोविड-19 कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर**

टेलीफोन : 05444-222384

ाट्सएप नंबर : 8840127444

# 'पारस' से मिला बुजुर्गों को सहारा

**अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस**

जागरण संवाददाता, सोनभद्र : कहते हैं जहां वृद्धजनों का सम्मान होता है वहां की तरक्की की राह बड़ी ही आसान हो जाती है। इसी को आदर्श वाक्य मानकर एक संस्था ने जिले में वृद्धजनों को सानिध्य दिया। पारस संस्था ने सलखन में 25 वृद्धजनों को सहारा दिया है। वहां निश्शुल्क खाने, रहने से लेकर नियमित जांच और इलाज की भी सुविधा दी जाती है।

जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर सलखन के पास वर्ष 2002 से संचालित संस्था असहाय बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस संस्था में अपने बेटों व बहुओं से तिरस्कार पाए बुजुर्गों को सहारा मिलता है। वर्तमान में यहां 25 बुजुर्ग रह रहे हैं। इसमे पांच महिला वृद्ध भी हैं। जिले में 18 वर्षों से काम कर रही इस संस्था में अब तक एक हजार से अधिक बुजुर्गों को सहारा देकर उनका सम्मान बढ़ाया है। संस्था के जिला समन्वयक अंगद तिवारी बताते हैं कि सबसे अधिक गरीब परिवार के बुजुर्ग रहते हैं। बेटों की तरफ से तिरस्कार करने व गरीबी के चलते परिवार का खर्च न संभालने के बाद संस्था में आने वाले बुजुर्गों को रखा जाता है। ग्राम प्रधान से संपर्क करके बेसहारा बुजुर्गों को संस्था में आने के लिए कहा जाता है। यहां पर रहने वाले बुजुर्गों को सुबह में नास्ता, दोपहर का भोजन, शाम को नास्ता व रात में भोजन कराया जाता है। संस्था में आने वाले बुजुर्गों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए 11 कर्मचारियों को रखा गया है।



सदर ब्लाक अंतर्गत सलखन स्थित पारस वृद्धाश्रम में बैठे बुजुर्ग • जागरण

**संवेदनशीलता**

- संस्था में अब तक एक हजार से अधिक बुजुर्गों को मिली है छांव
- 18 साल से संचालित संस्था में वर्तमान में रह रहे 25 बुजुर्ग

**एंबुलेंस व डाक्टर की भी व्यवस्था :** बुजुर्गों के बीमार होने पर उनकी देखभाल करने के लिए दो नर्स रखी गई हैं। इसके अलावा गंभीर होने पर एंबुलेंस की भी व्यवस्था है। एक डाक्टर भी है, बुजुर्गों की हालत ज्यादा गंभीर होने पर चिकित्सक को बुलाया जाता है। इनका वेतन संस्था की तरफ से दिया जाता है।

**कराया जाता है भ्रमण :** संस्था के जिला समन्वयक अंगद तिवारी ने बताया कि बुजुर्गों को महीने में एक बार डाला स्थित वैष्णों देवी व ज्वालामुखी मंदिर घुमाया जाता है।

## सर्पदंश से वृद्ध की मौत, दो गंभीर

जागरण संवाददाता, घोरावल (सोनभद्र) : क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर 24 घंटे में हुई सर्पदंश की घटनाओं में एक वृद्ध की मौत हो गई और दो महिलाएं गंभीर हैं। कम्हरिया गांव निवासी सत्यदेव मिश्रा (65) बुधवार को खेत पर फसलों की देखभाल करने गए थे। उसी समय उन्हें सर्प ने डंस लिया। स्वजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया। संजू (22) निवासी खिरीहटा को मंगलवार रात में सर्प ने डंस लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। वहीं मंगलवार रात गीता (30) निवासी कोलिडहा को सोते समय पैर में सर्प ने डंस लिया।

## पीएम की आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने की शिकायत

जागरण संवाददाता, अन
(सोनभद्र) : फेसबुक पर
युवक ने पीएम व अमे
राष्ट्रपति की आपत्तिजनक
पोस्ट करने की शिकायत
है। बजरंग दल के पवन
स्क्रीनशाट लेकर सोनभद्र
भाजपा कार्यालय वाराण